# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२५-२०२६**

**कक्षा:पाँचवीं** **विषय: हिंदी व्याकरण** **अपठित गद्यांश**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

**कुछ जीव जलचर होते हैं, तो कुछ थलचर होते हैं। कुछ जीव जल और थल दोनों का उपयोग करते हैं। जीव चाहे जलचर हो या थलचर, जंगली हो या पालतू, हमें सभी की रक्षा करनी चाहिए। जीव-जंतु हमारी प्रकृति का ही हिस्सा हैं। प्रकृति पर जितना अधिकार हमारा है, उतना ही जीव-जंतुओं का भी है। इसलिए हमें यह भी सोचना चाहिए कि हम दिन-प्रतिदिन जो प्रदूषण बढ़ाते जा रहे हैं, जंगलों को काटते जा रहे हैं और जल को दूषित करते जा रहे हैं, यह हमारे लिए ही नुकसानदायक नहीं है, बल्कि इन जीव-जंतुओं को भी बहुत नुकसान पहुँचा रहा है। इसलिए हमें सभी प्रकार के प्रदूषणों के प्रति जागरूक होने की बहुत अधिक आवश्यकता है।**

**(क)हमें किसकी रक्षा करनी चाहिए?**

**(ख)हमारी प्रकृति का हिस्सा किसे बताया गया है?**

**(ग)प्रकृति पर किस-किसका अधिकार बताया गया है?**

**(घ)गद्यांश में किसके प्रति जागरूक होने के लिए कहा गया है?**

(ङ)इन शब्दों से एक-एक वाक्य बनाइए-

जंगली

पालतू